**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 और 7**

593. **श्री बापूरावजी मारुतराव जी देशमुख : क्या नौवहन और परिवहन मंत्री** यह बतानें की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 और 7 का निर्माण कार्य किस हद तक पूरा हो चुका है इस पर अब तक कितना खर्च हो चुका है तथा इसके लिये चालू वित्त वर्ष में कितना प्रावधान किया गया है,

(ख) क्या यह सच है कि ये राष्ट्रीय राजमार्ग अनेक स्थानों पर परिवहन के लिए उपयुक्त नहीं है, और

(ग) यदि हां, तो उसकी मरम्मत के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है,

**नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सीताराम केसरी)** : (क) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 महाराष्ट्र में धुले से शुरु होकर मध्य प्रदेश, उड़ीसा बिहार राज्यों से गुजरता है और कलकत्ता (पश्चिम बंगाल) में खतम होता है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 की कुल लंबाई 1645 कि० मी० है। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 7 उत्तर प्रदेश में वाराणसी से शुरू होकर मध्यप्रदेश महाराष्ट्र, आन्ध्र-प्रदेश, कर्नाटक राज्यों से गुजरता है और तमिल नाडु में कन्या कुमारी में खत्म होता है। इसकी कुल लंबाई 2369 किलोमीटर है। दोनों राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 6 और 7 पर यातायात हो सकता है। यातायात की आवश्यकता और उसमें वृद्धि को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजमार्गों को विकसित करने का काम निरन्तर किये जाने वाला काम है। फिर भी धन के उपलब्ध होने को ध्यान में रख कर राष्ट्रीय राजमार्ग में कमियां को दूर करने के लिये प्राथमिकता के अनुसार विकास कार्य किये जाते हैं। छठी योजना (1.4.80 से) के आरंभ से राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर 9.63 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर 24.55 करोड़ रुपये सड़क और पुल के सुधार के लिए अब तक खर्च किये गये हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 6 पर 82 और राष्ट्रीय राजमार्ग 7 पर 122 सुधार कार्य चल रहे हैं। चालू वर्ष (1981-82) में राष्ट्रीय राजमार्ग 6 और 7 पर सुधार कार्यों के लिए लगभग 7.5 करोड़ रुपयों की व्यवस्था की गई है।



(ख) जी नहीं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**दिल्ली में अन्तर्राज्यीय बस अड्डे के पास यमुना-पुल**

594. **श्री जगन्नाथ राव जोशी :** क्या नौवहन तथा परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दिल्ली में अन्तर्राज्यीय बस अड्डे के पास यमुना नदी पर एक पुल बनाये जाने की कोई योजना है; यदि हां तो कब तक और यह योजना कब प्रस्तुत की गई थी और उसे कब स्वीकृति प्रदान की गई थी; और

(ख) स्वीकृति प्रदान किये जाने के पश्चात् उक्त पुल बनाए जाने के सम्बन्ध में वर्षवार की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है तथा इस समय इसकी प्रगति की स्थिति क्या है;

**नौवहन और परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सीताराम केसरी)** : (क) जी हां। दिल्ली के अन्तर्राज्यीय बस अड्डे के समीप यमुना नदी पर एक पुल बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए तकनीकी अनुमोदन और ब्यौरेवार अनुमान की वित्तीय मंजूरी अभी की जानी है।

(ख) प्रश्न नहीं होता।